दिनांक 30 जुलाई 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

डेंगू पीड़ित मरीज स्वस्थ होकर लौटी घर, महिला का कुशलक्षेप जानने बीएसपी स्थित निवास पहुंचे निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी

भिलाई नगर/ आज भिलाई निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी टाउनशिप क्षेत्र में डेंगू पीड़ित मरीज के अस्पताल से स्वस्थ होकर लौटने पर उनसे मिलने उनके निवास पांड्या हाउस सेक्टर 1 पहुंचे! इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त प्रीति सिंह , अमिताभ शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी आर.पी. तिवारी भी मौजूद थे! आयुक्त श्री रघुवंशी ने 78 वर्षीय महिला जो कि डेंगू से पीड़ित थी और स्वस्थ होकर घर लौट चुकी है उनका हालचाल जाना , उनके परिजनों से भी आयुक्त ने मुलाकात की और उन्हें भी टेस्ट कराने कहा! परिजन से चर्चा करते हुए उन्होंने टेमीफास् की उपलब्धता और उपयोग करने की जानकारी ली! डेंगू की रोकथाम के लिए जागरूक करते हुए आयुक्त महोदय ने कहा कि सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें , डेंगू उन्मूलन के लिए सतर्कता के साथ ही जागरूकता भी जरूरी है! पानी को पात्रों में ज्यादा दिन तक स्टोर न होने दें, कूलर एवं अन्य पात्रों के पानी को निरंतर चेक करते रहे, घर के भीतर परिसर में तथा आसपास भी स्थल स्वच्छ रहे ताकि मच्छरों को छिपने की जगह न मिले, कहीं भी पानी का जमाव न हो जिससे लार्वा को पनपने का अवसर नहीं मिलेगा! उन्होंने आसपास के कई घरों के कूलर एवं पात्रों की जांच कराई तथा समीपस्थ क्षेत्रों का निरीक्षण किया!

उन्होंने अधिकारियों को डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए इस क्षेत्र में वृहद अभियान चलाने के निर्देश दिए! आगे उन्होंने कहा कि अनुपयोगी पात्र में जलजमाव होने से डेंगू के लार्वा उत्पन्न होने का खतरा अधिक होता है , इन्हें उल्टा करके रखना या फिर इनके बीच में छेद होना आवश्यक है ताकि जलजमाव की स्थिति निर्मित न हो! निगम आयुक्त के निर्देश पर सेक्टर 1 क्षेत्र में विगत 2 दिनों से निगम की डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम की टीम ने डेंगू पीड़ित घर के समीपस्थ के 108 घरों का सर्वे करते हुए अभियान चलाया! जिसमें से घरों के कूलर में टेमीफास् का छिड़काव , टंकी, कूलर, टायर व अन्य पात्रों की जांच , कूलर, टंकी एवं पात्रों को खाली कराने का कार्य , मच्छरों को नष्ट करने के लिए मेलाथियान दवाई का छिड़काव, डेंगू, मलेरिया, पीलिया संबंधी बीमारियों से जागरूक रहने के लिए पंपलेट का वितरण एवं जन जागरूकता अभियान , टेमीफास् वितरण एवं रिफिलिंग का कार्य किया गया! आसपास के क्षेत्रों का सघन सर्वे करते हुए डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम का महाअभियान चलाया जा रहा है, क्षेत्र में निरंतर फागिंग की जा रही है!